**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक – 26.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज झारखंड दौरे पर, जमशेदपुर में रखेंगी भव्य जगन्नाथ मंदिर की आधारशिला, मेडिकल छात्रों के साथ करेंगी संवाद।**
2. **विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन, प्रश्नकाल से होगी सदन की शुरुआत, राज्य के बजट पर दूसरे दिन भी जारी रहेगी चर्चा।**
3. **चतरा विमान हादसे की गुत्थी सुलझाने में जुटी एजेंसियां; घटनास्थल से डीजीसीए और एएआईबी की टीमों ने जब्त किये तकनीकी रिकार्ड, मलबा भेजा जाएगा दिल्ली।**
4. **बोकारो में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई, डीएमएफटी घोटाले में दूसरे दिन भी कई ठिकानों पर जारी रही आयकर छापेमारी।**
5. **झारखंड की अष्टम उरांव ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप के लिए भारतीय टीम में शामिल, मैदान पर दिखायेंगी दम।**

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर जमशेदपुर पहुंच रही हैं। राष्ट्रपति दिन के लगभग साढ़े ग्यारह बजे रांची एयरपोर्ट आयेंगी और वहां से सीधे जमशेदपुर के लिए रवाना हो जायेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

*********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आज सातवां दिन है। सदन की शुरुआत प्रश्नकाल से होगी। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े जनहित के सवालों पर मंत्रियों द्वारा जवाब दिये जायेंगे। इसके बाद राज्य के वार्षिक बजट पर सदन में विस्तृत चर्चा आगे बढ़ेगी।

*********************

राज्य के स्थानीय निकायों में सत्ता की चाबी किसके हाथ लगेगी, इसका फैसला कल हो जाएगा। सभी 48 नगर निकायों में हुए मतदान के बाद कल मतगणना होगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, सुबह 8 बजे से सभी केंद्रों पर वोटों की गिनती एक साथ शुरू कर दी जाएगी। पूरे राज्य में मतगणना के लिए 1 हजार 309 टेबल लगाए हैं।

*********************

चतरा के सिमरिया स्थित करमटांड़ जंगल में हुए एयर एम्बुलेंस हादसे के कारणों की जांच तेज हो गई है। डीजीसीए दिल्ली और एएआईबी कोलकाता की टीमों ने दुर्घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर ज़रूरी साक्ष्य इकट्ठा किये। रेडबर्ड एयर एम्बुलेंस की टीम, स्थानीय प्रशासन और एसएसबी के सहयोग से विमान के मलबे को इकट्ठा किया गया, जिसे आगे की जांच के लिए कंटेनर के ज़रिए दिल्ली भेजा जाएगा।

*********************

बोकारो में डीएमएफटी फंड घोटाले के मामले में आयकर विभाग की छापेमारी कल दूसरे दिन भी जारी रही। दिल्ली और रांची से पहुंची आयकर विभाग की विशेष टीमों ने शहर के सेक्टर–4 और चास स्थित कई बड़े ठेकेदारों और व्यवसायियों के ठिकानों पर डेरा डाल रखा है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में भारी मात्रा में नकद, डिजिटल साक्ष्य और बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

*********************

राज्य में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सियासी आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गया है। सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक लड़ाई लड़ने की बजाय संवैधानिक संस्थाओं और एजेंसियों का सहारा ले रही है।

*********************

झामुमो के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया है कि वोटर लिस्ट में विसंगतियों से राज्य सरकार डरी हुई है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर राज्य के थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए जारी टेंडर में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने भी श्री मरांडी के आरोपों का समर्थन करते हुए कहा है कि जैप आईटी द्वारा जारी इस निविदा में राज्य सरकार के तय मापदंडों का पालन नहीं किया गया।

********************

दुमका रेलवे स्टेशन के पास कल रात दो हाईवा ट्रकों की आमने–सामने की टक्कर ने आग का रूप ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन तुरंत आग की लपटों में घिर गए और पास खड़ी अन्य गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। दमकल विभाग की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया है।

********************

राज्य में एक बार फिर ठंड का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में गिरावट आएगी, जिससे ठंड का अहसास बढ़ेगा। हालांकि इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना व्यक्त की गयी है।

********************

झारखंड की स्टार फुटबॉलर अष्टम उरांव को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप 2026 के लिए भारतीय सीनियर महिला टीम के 26 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है। वह वर्तमान में भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं, जहां टीम ने हाल ही में एक मैत्रीपूर्ण मैच में पर्थ अजूरी को 7–2 से हराया है।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने चतरा प्लेन हादसे पर लिखा है– 30 प्रतिशत से ज्यादा बर्न बता सब्सिडी किराये पर जाने से किया था मना, 8 लाख लेकर भरी उड़ान।

**हिन्दुस्तान** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हवाले लिखता है– झारखंड को कितना अनुदान दिया, केन्द्र जांच कराये।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– सीयूजे में साढ़े पांच करोड़ में घटिया फर्नीचर का क्रय, फर्जी दस्तावेज पर की नियुक्ति।

**दैनिक जागरण** के अनुसार– पहली बार रिम्स में जुटेंगे पीडियोट्रिक सर्जन, रोबोटिक सर्जरी पर होगी चर्चा।

********************